Department of Sanskrit
Hindu Kanya Mahavidyalaya, Jind
Event: Online National Level Quiz Competition
19th August, 2024

हिंदू कन्या महाविद्यालय के संस्कृत-विभाग द्वारा विश्व-संस्कृत दिवस के अवसर पर दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ अन्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलम रानी ने कहा कि श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर को विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। श्रावणी पूर्णिमा अर्थात् रक्षाबंधन ऋषियों के स्मरण, पूजा एवं संपूर्णता का पर्व माना जाता है। ऋषियों को संस्कृत साहित्य का मूल स्रोत माना जाता है, इसलिए श्रावणी पूर्णिमा को ऋषि पर्व और विश्व संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को इसलिए चुना गया है क्योंकि इस दिन गुरुकुलों में वेदाध्ययन करने से पहले यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है, इसके पश्चात् विद्यार्थी वेदों का अध्ययन शुरू करते हैं। आधुनिक युग में हमारी युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की तरफ आकर्षित हो रही है। तथा अपनी संस्कृति एवं सभ्यता से दूर होती जा रही है। संस्कृत हमें अपनी भारतीय संस्कृति के मूल से जोड़े रखने में सहायता करती है अतः इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम अपनी छात्राओं को उसका ज्ञान करवाते हैं। इसलिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय-समय पर होती रहनी चाहिए।

Glimpses and Media Coverage of the Event

हिंदू कालेज में हुई आनलाइन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता